मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 10 ज़िलों में 14 राईस मिल्स की आधारशिला रखी

चर्चा में क्यों?

24 जनवरी, 2022 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित **Foundation stone laying of Rice Mills in different districts** कार्यक्रम में प्रदेश के 10 ज़िलों में 14 राईस मिल्स की आधारशिला रखी।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने राज्य के गढ़वा, पलामू ,लातेहार, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, धनबाद, बोकारो और गोड्डा ज़िलों में इन राईस मिल्स का शिलान्यास किया।
- पलामू ज़िला के कुर्मीपुर, सिमडेगा ज़िला के गरजा एवं हेठमा, खूंटी ज़िला के टमिड़ा एवं कालामाटी, गुमला ज़िला के कसीरा एवं कोनबीर, गढ़वा ज़िला के कुशमाही, लातेहार के जलता, पश्चिमी सिंहभूम ज़िला के चौनपुरखास एवं सियालजोड़ा, धनबाद ज़िला के देवियाना, बोकारो ज़िला के मरिधा एवं गोड्डा ज़िला के गोवर्धनपुर में राईस मिल्स यूनिट्स का शिलान्यास किया गया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में राईस मिलों की कमी के कारण किसानों को उनकी उपज का पर्याप्त मूल्य नहीं मिल पाता था। राईस मिलों के खुलने से अब उन समस्याओं पर विराम लगेगा। नई और आधुनिक राईस मिल्स खुलने से राज्य के किसानों के साथ-साथ झारखंड की अर्थव्यवस्था को भी एक बड़ा सहयोग मिलेगा। राईस मिल्स के स्थापित होने से बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को रोज़गार के अवसर भी प्राप्त होंगे।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग पॉलिसी के तहत झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा निवेशकों को रियायती दरों पर ज़मीन मुहैया कराई जा रही है। निवेशकों को राज्य में प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित करने के निमित्त राज्य सरकार कई प्रकार से उन्हें प्रोत्साहित कर रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-laid-the-foundation-stone-of-14-rice-mills-in-10-districts-of-the-state